दिल्ली में राजनैतिक माफिया की गिरफ्तारी

370. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में दिल्ली में एक दुर्दांत राजनैतिक माफिया गिरफ्तार किया गया है जिसके यहां से 5-7 सौ करोड़ रुपये की सम्पत्ति बरामद की गई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस व्यक्ति को कई राजनैतिक और व्यापारिक घरानों का संरक्षण प्राप्त है;

(ग) यदि हां, तो क्या उसके राजनैतिक और आर्थिक सहयोगियों तथा उसके मूल स्रोतों की जांच कराई गई है; और

(घ) यदि हां, तो इस जांच का ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) श्री एच० सुरेश राव द्वारा दायर की गई शिकायत के आधार पर 21.10.1998 को एक रोमेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। इसके पश्चात् उसके घर की तलाशी ली गई और अगले कुछ दिनों के दौरान, उसके विरुद्ध 15 मामले दर्ज किए गए। इनमें से, 13 मामले दिल्ली पुलिस की जांचाधीन हैं जबकि 2 मामले जांच-पड़ताल के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो को हस्तांतरित किए गए हैं। केन्द्रीय जांच ब्यूरो को हस्तांतरित किए गए दो मामले (I) श्री एच० सुरेश राव के हैलिकाप्टर को जबरदस्ती हथिया लेना और (II) जुलाई, 1993 के दौरान दाऊद इब्राहीम की मां के लिए संदिग्ध तरीके से पासपोर्ट प्राप्त करने से संबंधित है।

श्री रोमेश शर्मा के घर की तलाशी के दौरान, दिल्ली में कम से कम 11 और मुम्बई में 5 सम्पत्तियों के दस्तावेज प्राप्त हुए थे। इसके अतिरिक्त 14 कारें, आयातित शराब, जानवरों की खालें, .32 बोर के 14 सक्रिय कारतूस, जेवरात, सोने के बर्तन और अन्य बहुमूल्य आभूषण बरामद हुए। नकद 11.00 लाख रुपए की रकम 1.00 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर और 23.50 लाख रुपए के एफडीआर भी बरामद हुए थे।

(ख) से (घ) अपराधी वर्ग और अन्य लोगों से रोमेश शर्मा के संबंधों के बारे में जांच, सभी प्रकार से, केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी गई है।

पाकिस्तान के संबंध में गृह मंत्री द्वारा वक्तव्य

371. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने एक वक्तव्य दिया है जिसमें पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश के रूप में बताया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस बात को अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर उजागर करने के लिए और पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करवाने के लिए क्या कार्रवाई कर रही है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) सरकार द्वारा भारत के खिलाफ सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा दिए जा रहे समर्थन के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को लगातार और उचित रूप से अवगत कराया गया है। सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप इस विषय के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय जनमत, मीडिया तथा सरकारों के बीच अब व्यापक अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता आई है। उदाहरणतः अमरीकी सरकार ने पेअर्नस आफ ग्लोबल टेरेरिज्म (1998) पर अपनी रिपोर्ट में पाया है कि कश्मीर में उग्रवादी गुटों को पाकिस्तान के सरकारी समर्थन के संबंध में लगातार तथ्य मिल रहे हैं। सरकार अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध चलाए जा रहे आतंकवाद को समर्थन देने, जिसके दस्तावेजी और सर्वमान्य तथ्य हैं, के बारे में सूचित करना जारी रखेगी।

Special Courts to deal with Atrocities against Weaker Sections

372. SHRI JANARDAN YADAV: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any special court has been set up in any States of Bihar, Uttar Pradesh and Rajasthan to dispose of serious cases of atrocities committed on Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Minorities and other weaker sections of the society in the last one year; and

(b) if so, the number of such courts set up so far and the progress made in the cases submitted to them?